




# पहले मैच में चीन से भिड़ेगा भारत

- हरमनप्रीत की कप्तानी में एशिया कप खेलेगा भारत
- 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा
- मिडफील्ड में मनप्रीत, विवेक और हार्दिक जैसे दिग्गज

**नयी दिल्ली, 20 अगस्त (वार्ता) हॉकी इंडिया ने बुधवार को आगामी हीरो पुरुष एशिया कप के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की.यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जायेगा.**

### एशिया कप हमारे लिए बेहद अहम : फुल्टन

टीम चयन को लेकर भारतीय पुरुष टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हमने एक अनुभवी टीम चुनी है जो समझती है कि उच्च दबाव वाली परिस्थितियों में कैसा प्रदर्शन करना होता है. एशिया कप हमारे लिए बेहद अहम है क्योंकि विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है, इसलिए हमें ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत थी जिनमें धैर्य, लचीलापन और प्रदर्शन करने का हुनर हो. यह चयन हमारी मंशा को दर्शाता है एक ऐसी टीम तैयार करना जो मजबूती से मुकाबला कर सके और हमारे मुख्य उद्देश्य को हासिल कर सके.

एफआईएच हॉकी विश्वकप बेल्जियम-नीदरलैंड 2026 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत को जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है. भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ करेगा, उसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाकिस्तान से भिड़ेगा.

इस टूर्नामेंट के लिए अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भारतीय टीम की कप्तान करेंगे. गोलकीपिंग की जिम्मेदारी भरोसेमंद कृष्ण बी पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे. डिफेंस में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह भी शामिल होंगे, जो रक्षात्मक पंक्ति को मजबूती प्रदान करेंगे.

मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह शामिल हैं. आक्रमण की अगुवाई मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह करेंगे, जो विपक्षी डिफेंस को परेशान करने के लिए भरपूर क्षमता प्रदान करेंगे. इस बीच, नीलम संजीव जेस और सेल्वम कार्ति को वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है.

# शुभमन गिल ने लगाई ऊंची छलांग

**एशिया कप में गिल की उपकप्तान के रूप में एंट्री**

**अगरकर बोले- दबाव में भी शानदार प्रदर्शन किया**

**मुंबई, 20 अगस्त (वार्ता) एशिया कप के लिए उपकप्तान नियुक्त किये जाने से यह तो तय हो गया है कि इस बल्लेबाज ने ऊंची छलांग लगाई है.**

एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा के समय चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर से पूछा गया कि क्या शुभमन गिल की सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में ताजपोशी शुरू हो चुकी है, प्रेस कॉन्फ्रेंस में अगरकर के साथ सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी में यह सवाल थोड़ा अजीब लग रहा था, लेकिन फिर यही हकीकत लगती है - या यूं कहें कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य. भारतीय क्रिकेट में गिल युग की अच्छी और सही शुरुआत हो गई है, भले ही वह वर्तमान में केवल ट्वेंटी20 प्रारूप में ही उप-कप्तान हैं.




अब यह तय लग रहा है कि गिल शीर्ष क्रम पर - पहले, दूसरे या तीसरे नंबर पर - बल्लेबाजी करेंगे, जिससे संजू सैमसन (अभिषेक शर्मा के साथ मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज) और तिलक वर्मा (तीसरे नंबर पर बल्लेबाज) की जगह खतरे में पड़ जाएगी. अगरकर ने संकेत तो दिए, लेकिन यह पुष्टि नहीं की कि टेस्ट कप्तान, जो आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए ओपनिंग करते हैं, एशिया कप में भी ऐसा ही करेंगे या नहीं.

एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा के बाद, चयनकर्ताओं के अध्यक्ष ने इस युवा खिलाड़ी की जमकर सराहना करते हुए कहा, हमें उनमें नेतृत्व के गुण नजर आते हैं, और इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन वैसा ही रहा जैसी हमें उम्मीद थी. उन्होंने हमारी सभी उम्मीदों को पार कर दिया. एक कप्तान के तौर पर जब आप पर इतना दबाव होता है, तब उन्होंने अपने बल्ले से जिस तरह का प्रदर्शन किया, वह एक बेहतरीन संकेत है.

गिल ने आखिरी बार एक साल से भी ज्यादा समय पहले (जुलाई 2024 में श्रीलंका में) टी20 मैच खेला था, और मंगलवार (19 अगस्त) को चयन बैठक से कुछ घंटे पहले तक ऐसा लग रहा था कि वह एशिया कप में नहीं खेलेंगे. फिर भी, वह टीम के उप-कप्तान हैं, सूर्यकुमार के बाद टीम के दूसरे सबसे महत्वपूर्ण सदस्य हैं, और टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं जो अहम फैसले लेगा.

# मोरेकम्बे क्लब ने जोहल को सौंपी कमान

## यूईएफए प्रो लाइसेंस धारक और 10 साल कोचिंग अनुभव



**लंदन 20 अगस्त (वार्ता) ब्रिटेन के न्यू मोरेकम्बे फुटबॉल क्लब ने अश्विर सिंह जोहल को टीम का प्रबंधक नियुक्त किया है.**

मंगलवार को हुई इस नियुक्त के साथ ही सिंह जोहल किसी पेशेवर ब्रिटिश क्लब का प्रभार संभालने वाले पहले सिख बन गए. उन्होंने कभी पेशेवर फुटबॉल नहीं खेला. वह लीसेस्टर में 10 साल कोचिंग टीम का हिस्सा थे. यूईएफए प्रो लाइसेंस प्राप्त करने वाले सबसे युवा कोचों में से एक हैं.

30 वर्षीय जोहल ने डेरेक एडम्स का स्थान लिया, जिन्हें सोमवार को बर्खास्त कर दिया गया था. यह कदम नए मालिकों पंजाब वॉरियर्स द्वारा क्लब का अधिग्रहण पूरा करने के ठीक एक दिन बाद उठाया गया. मोरेकेम्बे को पिछले सत्र में स्काई बेट लीग टू के नियमों का पालन न करने के कारण निलंबित कर दिया गया था तथा उनके पहले दो नेशनल लीग खेल स्थगित कर दिए गए थे.

क्लब की वेबसाइट को दिए एक साक्षात्कार में जोहाल कहा, इस समय हमारी प्राथमिकता उन खिलाड़ियों की पहचान करना है जिनकी हमें टीम में आवश्यकता है.

# सेंट लुईस में आनंद बनाम कास्पोरोव भिड़ंत

**नयी दिल्ली, 20 अगस्त.** भारत के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद अमेरिका के सेंट लुईस में अक्टूबर में होने वाले क्लच शतरंज नुमाइशी मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस के गैरी कास्पोरोव से खेलेंगे जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश की टक्कर मैग्नस कार्लसन से होगी . कास्पोरोव और आनंद की टक्कर आखिरी बार 2021 में क्रोएशिया रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में जगरेब में हुई थी जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने जीत दर्ज की. दोनों के बीच 82 मुकाबले हो चुके हैं जिनमें से 30 ड्रॉ रहे और जीत के मामले में कास्पोरोव का दबदबा रहा .

## एक नजर में




### टी20 विश्वकप से पहले श्रीलंका जाएगी इंग्लैंड टीम

**लंदन.** इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरुआत में टी-20 विश्व कप से पहले सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी .इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने श्रीलंका के साथ तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों वाले दौरे के कार्यक्रम की घोषणा कर दी हैं .श्रीलंका के दौरे पर इंग्लैंड 22,24 और 27 जनवरी को तीन एकदिवसीय मैच खेलगा. इसके बाद इसके बाद 30 जनवरी, एक फरवरी और तीन फरवरी को टी-20 मैच खेले जाएंगे. मैचों के स्थल अभी तय नहीं हुए हैं .यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले विश्वकप की तैयारी का हिस्सा होगी .उल्लेखनीय है कि 2010 और 2022 में चैंपियन रही इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुए पिछले विश्वकप में सेमीफाइनल में हार गई थी.

### नीरज चोपड़ा ब्रसेल्स डाइमंड लीग से बाहर




**नयी दिल्ली.** डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे. डाइमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है. नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे. इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था. भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डाइमंड लीग में 90 .23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे. उन्होंने इसके बाद जूनर में 88 .16 मीटर के प्रयास से पेरिस डाइमंड लीग का खिताब जीता. नीरज ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक के रूप में खेला था जहां उन्होंने 86 .18 मीटर के प्रयास के साथ अपनी मेजबानी में हुआ टूर्नामेंट जीता था. कुल मिलाकर नीरज ने मौजूदा सत्र में अब तक छह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया जिसमें से चार में उन्होंने खिताब जीता जबकि दो में दूसरे स्थान पर रहे

### आईसीसी रैंकिंग में कुलदीप तीसरे स्थान पर




**दुबई.** भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव बुधवार को जारी गेंदबाजों की नवीनतम आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया. महाराज ने केर्न्स में तीन मैच की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच में अपनी टीम को ऑस्ट्रेलिया पर 98 रन से जीत दिलाने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया. मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए बाएं हाथ के 35 वर्षीय स्पिनर महाराज ने 33 रन देकर पांच विकेट चटकाए. उन्होंने कुलदीप और श्रीलंका के महेश तीक्षणा को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया. महाराज इससे पहले नवंबर और दिसंबर 2023 में कुछ समय के लिए शीर्ष पर थे. कुलदीप के अलावा रविंद्र जडेजा एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं जो गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं. भारतीय टीम ने चैंपियन्स ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद से कोई एकदिवसीय मैच नहीं खेला है. वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स भी गेंदबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाने में सफल रहे.

# कैप्टेंस कप कोलकाता में संपन्न

## 80 कैटेगरी में 60 से अधिक फाइटर्स ने दिखाया

**कोलकाता, 20 अगस्त (वार्ता) माइक्स मार्शल आर्ट्स द्वारा राष्ट्रीय कॉम्बैट स्पोर्ट्स फेडरेशन के सहयोग से आयोजित चौथी कैप्टेंस कप मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप कोलकाता में सफलता पूर्वक संपन्न हो गई.**

यह चार दिवसीय प्रतियोगिता (15 से 18 अगस्त) देशभर से आए फाइटर्स, डोजो और मार्शल आर्ट्स प्रेमियों को एक मंच पर लेकर आई, जिसने मुकाबले के जज्बे और अनुशासन की असली भावना को दर्शाया.

चैंपियनशिप में काटा (फॉर्म्स), फुल कॉन्टैक्ट कराटे, किकबॉक्सिंग, और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु/ग्रैपलिंग जैसी विधाओं को शामिल किया गया, जिससे यह भारत के सबसे व्यापक मार्शल आर्ट्स आयोजनों में से एक बन गया. हर दिन लगभग 60 फाइटर्स ने 80 से अधिक कैटेगरीज में मुकाबला किया. कुल मिलाकर 14 डोजो-केरल, महाराष्ट्र, असम और पश्चिम बंगाल से-इस प्रतियोगिता का हिस्सा बने.

महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जो कुल प्रतिभागियों का 39त्न थी, यह संकेत है कि कॉम्बैट स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है.

# चोटों से जूझने के बाद मलिक वापसी को तैयार

- नए वैरिएशन और फिटनेस के दम पर करेंगे कमबैक
- रणजी ट्रॉफी में भी खेलने की जताई उम्मीद

**चेन्नई, 20 अगस्त (वार्ता) चोट और बीमारी के कारण 2024-25 का घरेलू सीजन और आईपीएल 2025 छूटने के बाद तेज गेंदबाज उमरान मलिक, तमिलनाडु में चल रहे बुची बाबू टूर्नामेंट से ऐक्शन में वापसी करने के लिए तैयार हैं.**

25 साल के मलिक बुची बाबू टूर्नामेंट के पहले राउंड में नहीं खेल रहे हैं, जो 18 अगस्त को चेन्नई में शुरू हुआ. लेकिन वह दूसरे राउंड में जम्मू कश्मीर की ओर से बड़ौदा के खिलाफ 22 अगस्त से खेलेंगे. मलिक आखिरी बार आईपीएल 2024 में खेलते दिखे थे. हैमस्ट्रिंग और कूल्हे की चोट से उबरने के बाद उन्हें लगता है कि उनका शरीर घरेलू क्रिकेट की कठिनाईयों को झेलने के लिए तैयार है. उन्होंने कहा, मुझे अच्छा लग रहा है. मैंने लंबे समय से क्रिकेट नहीं खेला है. मैं सात-आठ महीने चोटिल भी था. वह एक मुश्किल दौर था. लेकिन अब वापसी करके बहुत अच्छा लग रहा है. मैंने हाल ही में कश्मीर में काफी लाल गेंद की क्रिकेट और टी20 मैच खेले हैं. वह हमारा रजिस्ट्रेशन कैंप था. हम बुची बाबू (टूर्नामेंट) के लिए चेन्नई आए. मैं अभी जितने मैच खेल सकूं, उतना अच्छा है.




आईपीएल 2025 से बाहर होने के बाद भी मलिक केकेआर के साथ बने रहे और रीहैब जारी रखा. उन्होंने कहा, %%जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन लगातार मेरा सपोर्ट कर रही है. वे अच्छे कैंप्स लगा रहे हैं. मैं मिथुन मन्हास (जेकेसीए के क्रिकेट और ऑपरेशन्स हेड) से बात करता रहता हूं. मैं सिंपल चीजें करता हूं और जैसे पहले बॉलिंग करता था, वैसा ही करता हूं.

# पाक हॉकी टीम एशिया कप के लिए भारत नहीं आएगी

## बांग्लादेश को मिला मौका, 29 अगस्त से राजगीर में होगा आगाज

**नयी दिल्ली, 20 अगस्त (वार्ता) पाकिस्तान की हॉकी टीम बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से शुरु होने वाले आगामी एशिया कप में भाग लेने के लिए भारत नहीं आयेगी.**

एशियाई हॉकी महासंघ ने मंगलवार को पुष्टि की है कि पाकिस्तान की हॉकी टीम आगामी एशिया कप 2025 में भाग लेने के लिए भारत नहीं आएगी.पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ और एएचएफ दोनों को सूचित कर दिया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसे भारत में टीम भेजना मुश्किल होगा.




29 अगस्त से सात सितंबर तक चलने वाली इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए पाकिस्तान की जगह बंगलादेश को चुना गया है.

पाकिस्तान तीन बार एशिया कप हॉकी चैंपियन रहा है, जिसने 1982 और 1989 के बीच खेले गए पहले तीन संस्करण जीते हैं. एशिया कप 2025 की चैंपियन टीम को नीदरलैंड और बेल्जियम द्वारा 2026 एफआईएच हॉकी विश्वकप के लिए भी सीधा प्रवेश मिलेगा.

# एमबाप्पे की पेनल्टी से मैड्रिड की जीत

## इंजरी टाइम में ओसासुना खिलाड़ी ब्रेटोनेस को रेड कार्ड

**मैड्रिड, 20 अगस्त. किलियन एमबाप्पे की दूसरी हाफ में मिली पेनल्टी ने रियल मैड्रिड को ला लीगा के पहले मुकाबले में ओसासुना के खिलाफ 1-0 की कठिन जीत दिलाई.**




इस तरह ज़ाबी अलोंसो ने बतौर कोच अपने पहले लीग मैच में विजयी शुरुआत की.पहले हाफ में ओसासुना की मजबूत डिफेंस को तोड़ने में नाकाम रही रियल ने ब्रेक के छह मिनट बाद बढ़त बनाई. जुआन क्रूज़ के फाउल पर मिली पेनल्टी को एमबाप्पे ने सफलतापूर्वक गोल में बदला. हालांकि इसके बाद घरेलू टीम बढ़त नहीं बढ़ा सकी.

### मैच में नजर आया रियल का दबदबा

ओसासुना के अबेल ब्रेटोनेस को इंजरी टाइम में गोंजालो गार्सिया पर फाउल करने के चलते रेड कार्ड मिला. इस तरह अलोंसो की टीम ने सीजन की शुरुआत जीत से तो की, लेकिन प्रदर्शन कुछ हद तक फीका रहा. मैच में रियल का दबदबा साफ नजर आया. पहले हाफ में गेंद पर कब्ज़ा और पासिंग अच्छी रही, लेकिन असली मौके केवल दूर से लिए गए शॉट्स से आए. एदर मिलिताओ के जोरदार शॉट को ओसासुना गोलकीपर सर्जियो हेररा ने शानदार बचाव के साथ रोका.

**रचा इतिहास** लिवरपूल स्टार ने गोल और असिस्ट से रचा नया इतिहास

# मोहम्मद सालाह तीसरी बार बने पीएफए प्लेयर ऑफ द ईयर

**लंदन, 20 अगस्त. लिवरपूल के स्टार फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स' एसोसिएशन प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है. इस तरह मिस्र के इस दिग्गज खिलाड़ी ने यह पुरस्कार तीसरी बार जीतकर इतिहास रच दिया.**

2017 में लिवरपूल से जुड़े सालाह ने पिछले सीज़न में प्रीमियर लीग में सर्वाधिक 29 गोल दागे और 18 असिस्ट दिए, जिसकी बदौलत क्लब ने खिताब जीता और दूसरे स्थान पर रहे आर्सेनल से 10 अंकों की बढ़त बनाई.




33 वर्षीय सालाह इस सीजन पहले ही प्रीमियर लीग प्लेयर ऑफ द सीजन, गोल्डन बूट और प्ले-मेकर अवॉर्ड जीत चुके हैं. वह सभी तीनों पुरस्कार एक ही सीजन में जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए.

सालाह ने पहली बार 2018 में, फिर 2022 में और अब 2025 में पीएफए अवॉर्ड जीता. इस बार उन्हें 92 प्रीमियर लीग और फुटबॉल लीग क्लबों के खिलाड़ियों द्वारा वोटिंग के बाद छह सदस्यीय शॉर्टलिस्ट में चुना गया. इसमें लिवरपूल के एलेक्सिस मैक एलिस्टर, न्यूकैसल के अलेक्जेंडर इसाक, मैनचेस्टर यूनाइटेड के ब्रूनो फर्नांडेज़, आर्सेनल के डेक्लन राइस और चेल्सी के कोल पामर शामिल थे.

सालाह ने इस साल अप्रैल में लिवरपूल के साथ दो साल का नया करार किया था, जिससे सऊदी प्रो लीग में उनके जाने की अटकलों पर विराम लग गया. इसी अवॉर्ड समारोह में एस्टन विला और इंग्लैंड के मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स को यंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया. 23 वर्षीय रोजर्स ने पिछले सीजन में प्रीमियर लीग में आठ गोल दागे और चैंपियंस लीग में चार गोल किए, जिसमें सेल्टिक के खिलाफ हैट्रिक शामिल थी.

# एशियाई चैंपियनशिप में सौरभ-सुरुचि को कांस्य

**शिमकेंट (कजाखस्तान), 20 अगस्त.** सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की भारतीय जोड़ी ने एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में बुधवार को चीनी ताइपै को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता . दोनों ने लियू हेंग यू और सियेह सियांग चेन को 17 .9 से हराया . इससे पहले मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता था . भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में पांचवां स्थान हासिल किया जब सुरुचि ने 292 और सौरभ ने 286 स्कोर किया . दोनों का कुल स्कोर 578 रहा और आठ टीमों के पदक दौड़ में प्रवेश के समय वे पांचवें स्थान पर थे .